

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–241/2026

राज्यपाल ने चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना 10 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज के अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान चित्रगुप्त लोगों के कर्मों का लेखा–जोखा रखते हैं और तदनुरूप उन्हें फल मिलता है। भाई दूज के अवसर पर बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। यह त्योहार भाई–बहन के प्रेम की अभिव्यक्ति है। ये दोनों त्योहार हमारी अनूठी संस्कृति के अंग हैं और हमें इन्हें उल्लासपूर्वक मनाना चाहिए।

.....